प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 19.12.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—**

1— रायपुर से अंबिकापुर और बिलासपुर के बीच आज से हवाई सेवा शुरू—मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पर्यटन और निवेश को मिलेगा बढ़ावा।

2— राज्यपाल ने आज प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली—सभी विश्वविद्यालयों को नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप पर विशेष ध्यान देने को कहा।

3— राज्य विधानसभा में आज चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित—सदन में विनियोग विधयेक और छह संशोधन विधेयक भी पारित किए गए।

4— ''एक भारत—श्रेष्ठ भारत'' अभियान के तहत आज छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के संस्कृति विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>विमान सेवा—शुभारंभ</u>**

रायपुर से अंबिकापुर और बिलासपुर के बीच आज से हवाई सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल से इस हवाई सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विमान को वाटर सेल्यूट दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हवाई सेवा शुरू होने से सरगुजा और बिलासपुर संभाग में पर्यटन के साथ—साथ निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी।

इस हवाई सेवा का आरंभिक किराया नौ सौ निन्यानवे रुपये रखा गया है। हमारे सरगुजा संवाददाता आलोक शुक्ला ने बताया कि यह हवाई सेवा शुरू होने से सरगुजा क्षेत्र के लोगों को बरसों पुराना सपना पूरा हुआ है।

यह हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होगी।

**<u>राज्यपाल—विवि समीक्षा</u>**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालयों की बैठक लेकर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और अन्य कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों और नियमों के अनुरूप कार्य संचालित करने के निर्देश विश्वविद्यालयों को दिए। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों के हित में अकादमिक कैलेण्डर का पालन करें। उन्होंने नियमित शिक्षकों की नियुक्ति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों के अनुरूप पात्र शिक्षकों को ही पी.एच.डी. के लिए गाइड नियुक्त करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अन्य विश्वविद्यालयों के साथ एम.ओ.यू. करने को कहा।

बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए नवाचार तथा अन्य बिन्दुओं की जानकारी दी।

**विधानसभा समाचार–01**

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। यह अनुपूरक बजट लगभग आठ सौ पांच करोड़ रूपये का है। इसके अलावा सदन में विनियोग विधयेक और छह संशोधन विधेयक भी पारित किए गए।

*राज्य विधानसभा में आज दूसरा अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गए। इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने आगामी वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। अनुपूरक बजट में लखपति दीदी और ड्रोन दीदी के लिए दो सौ पचास करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, उड़ान योजना, यूनिटी मॉल, नियद नेल्लानार योजना और बस्तर ओलंपिक के लिए भी बजट में प्रावधान किए गए हैं। इससे पहले, चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि सरकार विकास कार्यों के लिए स्वीकृति में पक्षपात कर रही है।*

*सदन में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ नगर निगम और नगर पालिका संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण संशोधन विधेयक तथा छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित किए गए।*

**मुख्यमंत्री–घासीदास जयंती**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल मुंगेली जिले के लालपुरधाम में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जी के दो सौ अड़सठवें जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लालपुरधाम में गुरू घासीदास मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पचास लाख रूपए और लोरमी में नालंदा परिसर का निर्माण करने की घोषणा की।

इसके अलावा मुख्यमंत्री मुंगेली जिले के मोतिमपुर–अमरटापू में आयोजित गुरु पर्व मेला में भी शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कंतेली में नवीन महाविद्यालय खोलने के साथ ही मोतिमपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन करने की घोषणा की।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत–एमओयू**

''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' अभियान के तहत आज छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग और उत्तरप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के बीच एमओयू हुआ। इस समझौते के तहत भारतीय एकता की भावना को मजबूत करने, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने, नवाचारों और अनुभवों को साझा करने के लिए दोनों राज्य परस्पर सहयोग करेंगे। इससे उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक संबंधों के बीच एक नये दौर की शुरुआत होगी, जिससे दोनों राज्यों के कलाकार लाभान्वित होंगे।

**एनआईए–छापा**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने माओवादियों को की जाने वाली सामानों की आपूर्ति और समर्थन श्रृंखला की जांच के लिए बीजापुर जिले के चार अलग–अलग स्थानों में छापामार कार्रवाई की है। यह कार्रवाई भैरमगढ़, आवापल्ली और तर्रेम आदि इलाकों में की गई है।

इससे पहले, एनआईए ने पालनार इलाके में छापामार कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से माओवादी सामग्री बरामद की थी। एनआईए की यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों में सक्रिय माओवादी समूहों के प्रभाव और संसाधनों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है।

## आईईडी–विस्फोट

नारायणपुर जिले के डीहीपारा–ओकपाड़ के जंगल में माओवादियों ने आईईडी विस्फोट किया है। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस बल और आईटीबीपी की संयुक्त टीम मोहंदी कैम्प से डीहीपारा–ओकपाड़ की ओर गश्त पर निकली थी। इसी दौरान माओवादियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया। घटनास्थल से सुरक्षा बलों ने माओवादी सामग्री बरामद की है।

## जकांछ–विलय

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष रेणु जोगी ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को एक पत्र लिखा है। उन्होंने आग्रह किया है कि जोगी कांग्रेस का कांग्रेस में विलय किया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि इस मामले में अंतिम फैसला कांग्रेस कमेटी लेगी।

## मौसम

**अब पेश है मौसम का हाल–**

प्रदेश में कल बस्तर संभाग के जिलों के साथ ही बिलासपुर और रायपुर संभाग के ओडिशा से लगे जिलों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि एक कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी से होते हुए तटीय आंध्रप्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इस कारण हवा की दिशा में परिवर्तन हुआ है, जिसके चलते दक्षिण छत्तीसगढ़ में बादल छाए हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

**अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– राज्य सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कल रायपुर के कटोरा तालाब में 'खुशहाल एक साल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज शाम साईंस कॉलेज स्थित चौपाटी में इसका आयोजन किया जाएगा।

– झांसी रेलमंडल के ग्वालियर–झांसी खंड में तीसरी लाइन को जोड़ने का काम किया जाएगा। इसके चलते कल निजामुद्दीन–विशाखापट्नम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

– रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में कल सत्ताईस सौ से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया।

– दुर्ग जिले में जारी शीतलहर और ठंड को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है।

– सूरजपुर जिले में सिरसी गांव के पास बीती रात एक गर्भवती महिला को अस्पताल लेकर जा रही चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जबकि, गर्भवती महिला सहित चार लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

– दंतेवाड़ा जिले में बारसूर थाना क्षेत्र के कौशलनार के जंगल से आईईडी की चपेट में आने से एक मादा भालू की मौत हो गई। वहीं, उसके दो बच्चे भी मृत पाए गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने इस घटना की पुष्टि की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>